राष्ट्रीय संस्करण

CopyRight - Jagran.com

# दैनिक जागरण

वर्ष 3 अंक 8

मूल्य ₹5.00, नई दिल्ली, मंगलवार, 18 जून 2019

www.jagran.com

पृष्ठ 14




बेटी के जन्म के बाद बदल गई रोहित की जिंदगी

>> 12



**लोकतंत्र के प्रहरी**

आपातकाल के 44 साल

### छह माह तक पता ही नहीं चला कहां ले गई पुलिस

आपातकाल के दौरान 11 माह तक अंबाला जेल में बंद रहे झज्जर के लाला श्यामसुंदर गोयल का परिवार आज भी 25 जून की काली रात को याद कर सिहर उठता है। पत्नी प्रेमवती ने सात बच्चों के लालन-पालन की जिम्मेदारी संभाली, लेकिन किसी के सामने दुख नहीं रोया। ● पेज 13

**हमारी सरकार**



नितिन गडकरी
केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री

### 20 फीसद राजनेता 80 फीसद समाजसेवी

● पेज 5

**सरोकार**

### कोल डस्ट के प्रदूषण से मिलेगी निजात



**धनबाद** : कोयला खदानों के कारण उड़ने वाली कोल डस्ट को यदि ठोस में बदल जाए तो प्रदूषण से थर्रा रहे धनबाद जैसे शहरों को संजीवनी मिल जाएगी। इस सोच को संभव कर दिखाया है केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान (सिंफर) के वैज्ञानिकों ने, जिन्होंने एक नई तकनीक विकसित की है। इसके तहत हवा में उड़ने वाली धूल को ठोस रूप दिया जा सकता है। (पेज-13)

**दिया भरोसा** ▶ 17वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरुआत के अवसर पर पीएम ने बढ़ाया सहयोग का हाथ

# विपक्षी दलों को देंगे पूरी अहमियत : मोदी

## कहा, संख्याबल नहीं, विरोधी दलों का हर शब्द सरकार के लिए मूल्यवान

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

17वीं लोकसभा के आगाज के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ कर दिया कि लोकसभा के भीतर सत्तापक्ष संख्याबल में भले ही भारी हो, लेकिन विपक्ष की आवाज भी नजरअंदाज नहीं की जाएगी। लोकतंत्र में विपक्ष की अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए पीएम ने कहा, सरकार विपक्ष को पूरी अहमियत देगी। विपक्ष का हर शब्द सरकार के लिए मूल्यवान होगा। वहीं, प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने प्रधानमंत्री की अपील का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि सरकार संसद का 'रबर स्टांप' की तरह इस्तेमाल नहीं करेगी और अहम विधायी कार्यों में विपक्ष को साथ लेकर चलेगी।

> जब हम संसद आते हैं तो हमें पक्ष और विपक्ष को भूल जाना चाहिए और मुद्दों पर निष्पक्ष भाव से विचार करते हुए राष्ट्र के व्यापक हित में काम करना चाहिए।
> – प्रधानमंत्री मोदी

संसद परिसर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पीएम ने विपक्ष को आश्वस्त करते हुए कहा, 'उन्हें संख्या बल की चिंता छोड़ देनी चाहिए। हमारे लिए उनका हर शब्द मूल्यवान है और उनकी हर बात को गंभीरता से लिया जाएगा।' उम्मीद है कि विपक्ष सदन में सक्रिय ढंग से अपनी बात रखेगा और कार्यवाही में शामिल होगा, क्योंकि लोकतंत्र में विपक्ष की सक्रियता और उसकी भूमिका महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री की पहल का स्वागत करते हुए कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने उम्मीद जताई है कि इस बार सरकार 16वीं लोकसभा की तरह विपक्ष को दरकिनार कर अहम विधायी बिलों को पास कराने की कोशिश नहीं करेगी, बल्कि विपक्ष के सुझावों व मांगों को तरजीह देगी। शर्मा ने कहा, पिछली बार संख्याबल के आधार पर सरकार ने लोकसभा को 'रबर स्टांप' की तरह इस्तेमाल किया था और विपक्ष की आवाज को लगातार दबाने की कोशिश की थी और उसके सुझावों व मांगों को अनसुना करती रही थी। इससे पहले, मोदी ने कहा, इस बार की लोकसभा कई मायनों में ऐतिहासिक है। आजादी के बाद यह पहला मौका है कि संसद के निचले सदन के लिए सबसे ज्यादा संख्या में महिलाएं चुन कर आई हैं। उनकी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना से काम किया था। यही कारण रहा कि दशकों बाद लोगों ने दोबारा किसी सरकार को पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापस भेजा है।



17 वीं लोकसभा का सत्र शुरू होने से पहले संसद परिसर में मीडिया को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। साथ में हैं केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह (बाएं) और संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी। एएनआइ

### उत्साह के साथ हुआ 17वीं लोकसभा का आगाज

**नई दिल्ली** : सांसदों के शपथग्रहण के साथ ही 17वीं लोकसभा के पहले सत्र का आगाज हो गया। सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बाद में वरिष्ठता क्रम में मंत्रिमंडल के सदस्यों ने सदस्यता की शपथ ली। शपथग्रहण के पहले प्रधानमंत्री विपक्षी बेंच की ओर जाकर भतृहरि मेहताब, मुलायम सिंह से होते हुए सोनिया गांधी की सीट तक गए, कुछ क्षण तक बातचीत की और फिर अपनी सीट पर लौट आए। (पेज-3)

### जेपी नड्डा बने भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष



**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली** : गृह मंत्रालय के साथ-साथ पार्टी अध्यक्ष का पद संभाल रहे अमित शाह की व्यस्तता को देखते हुए जेपी नड्डा भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए हैं। चुनाव होने तक शाह अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। हालांकि, यह भी तय माना जा रहा है कि दिसंबर-जनवरी में सांगठनिक चुनाव के बाद नड्डा औपचारिक रूप से अध्यक्ष चुने जाएंगे। उल्लेखनीय है कि भाजपा में पहली बार कोई कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है।

दैनिक जागरण ने पिछले बुधवार को जानकारी दी थी कि कार्यकारी अध्यक्ष बनाने की जरूरत महसूस हुई तो संसदीय बोर्ड इस बाबत फैसला लेगा। सोमवार को यह तय हो गया। अमित शाह की अध्यक्षता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत दूसरे सदस्यों की मौजूदगी में नड्डा के नाम पर मुहर लग गई। राजनाथ सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अमित शाह ने पांच साल तक बहुत ही सफलता से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली और पार्टी की जीत सुनिश्चित की। संसदीय बोर्ड चाहता था कि सांगठनिक चुनाव होने तक वह अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालते रहें, लेकिन खुद शाह की ओर से संसदीय बोर्ड में कार्यकारी अध्यक्ष का प्रस्ताव दिया गया। उन्होंने प्रस्ताव किया कि सरकार के कामकाज की व्यस्तताओं के कारण पार्टी के दैनिक कामकाज के लिए कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति हो। उन्होंने ही नड्डा का नाम प्रस्तावित किया और सभी ने उस पर मुहर लगा दी। दरअसल, सांगठनिक चुनाव अब महज कुछ महीने दूर है। अगले महीने से पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू होने वाला है और उसके बाद प्रदेशों में संगठन चुनाव की शुरुआत होगी। आधे से अधिक राज्यों में चुनाव संपन्न हो जाएगा तो राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव कराया जा सकता है।

नड्डा का जेपी आंदोलन से निकल भाजपा के शीर्ष पद तक का सफर पेज>>3

# पुलवामा में विस्फोटक लदी गाड़ी से फिर सेना के वाहन पर हमला

## घायलों में छह सैन्यकर्मी और दो ग्रामीण, आतंकियों की तलाश में अभियान शुरू

**राज्य ब्यूरो, श्रीनगर**

जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले के अरिहाल इलाके में आतंकियों ने सेना की गाड़ी को उड़ाने के लिए विस्फोटकों से लदे वाहन से हमला किया, जिसमें छह फौजी और दो ग्रामीण घायल हो गए। कहा जा रहा है यह हमला आतंकी नवीद ने किया है, क्योंकि कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में वह आइईडी तैयार करता नजर आया था।

जानकारी के अनुसार, पुलवामा में शाम करीब छह बजे सेना की 44 आरआर के जवानों का एक दल नियमित गश्त पर था। जब यह दल अरिहाल पुल के पास पहुंचा तो वहां आतंकियों ने पहले से सड़क किनारे खड़े अपने वाहन बम में कथित तौर पर रिमोट से धमाका कर दिया, जिससे सैन्य वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। धमाके के बाद वाहन से बाहर निकले सैन्यकर्मियों पर खेतों में छिपे आतंकियों ने गोलियां भी चलाईं। जवाबी कार्रवाई किए जाने पर आतंकी भाग निकले। हमले की सूचना मिलते ही निकटवर्ती शिविरों से पुलिस और सेना के जवानों की अतिरिक्त टुकड़ियां मौके पर पहुंच गईं। आतंकियों की तलाश के लिए अभियान चलाया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी ने बताया कि मौके से मिले सुराग के आधार पर कहा जा सकता है कि आतंकियों ने किसी वाहन बम का इस्तेमाल किया है, लेकिन यह वाहन कैसा था, यह जांच का विषय है। एफएसएल की टीम ने मौके से कुछ सैंपल जांच के लिए हैं।



जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आइईडी धमाके में क्षतिग्रस्त सेना का वाहन। जागरण

**जवानों को आई हैं मामूली चोट** : रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है कि आतंकियों ने विस्फोटकों से लदे वाहन से गश्तीदल को निशाना बनाने की कोशिश की थी, लेकिन सुरक्षाबलों की सतर्कता के चलते वह नाकाम रहे। सभी जवान सुरक्षित हैं। कुछ को मामूली चोट पहुंची है। उन्होंने बताया कि हमले की चपेट में आने वाला वाहन कैस्पर नहीं है। यह बख्तरबंद वाहन था।

**पाक ने दिया था इनपुट** : ज्ञात हो, गत दिनों पाकिस्तान ने भारत सरकार को सूचित किया था कि 14 फरवरी को पुलवामा में हुए वाहन हमले की तरह ही आतंकी निकट भविष्य में एक और हमला अंजाम देने की साजिश कर रहे हैं। बता दें कि पुलवामा हमले में 40 सीआरपीएफ कर्मी शहीद हुए थे।

**काकपोरा और त्राल में भी आतंकी हमले** : आतंकियों ने सोमवार को पुलवामा जिले के त्राल इलाके में सीआरपीएफ की 180वीं वाहिनी के शिविर और काकपोरा में पुलिस स्टेशन पर ग्रेनेड से हमले किए। इन हमलों में कोई नुकसान नहीं हुआ। यह हमले लगभग एक घंटे के अंतराल पर हुए।

### अनंतनाग में 12 घंटे चली मुठभेड़ में आतंकी ढेर, मेजर शहीद

**श्रीनगर** : अनंतनाग जिले में सोमवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच 12 घंटे चली मुठभेड़ में एक विदेशी आतंकी मारा गया। कार्रवाई के दौरान मेजर केतन शर्मा (29) शहीद हो गया, जबकि कैप्टन रैंक के अधिकारियों समेत चार सैन्यकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। (पेज-6)

# अब संस्कृत भाषा में भी जारी होंगे सीएम योगी के भाषण और संदेश

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- सूचना विभाग हिंदी, अंग्रेजी के साथ संस्कृत में जारी करेगा विज्ञप्ति
- भाषण और संदेशों को लिखने के लिए सरकार रखेगी भाषा विशेषज्ञ

विकास और हिंदुत्व योगी सरकार का एजेंडा है। धार्मिक सरोकारों को महत्व देने के साथ ही सरकार ने संस्कृत भाषा को भी प्राथमिकता दी है। मुख्यमंत्री सूचना परिसर से भाषण व संदेश हिंदी, अंग्रेजी के साथ ही संस्कृत में भी तैयार किया जाएगा। निदेशक, सूचना शिशिर ने बताया कि भाषण और संदेश लिखने के लिए हिंदी में दो और अंग्रेजी व संस्कृत के एक-एक विशेषज्ञ रखे जाएंगे। सरकार की विज्ञप्ति भी संस्कृत भाषा में जारी होगी।

सोमवार को सरकार की ओर से संस्कृत भाषा का पहला प्रेस नोट भी जारी किया गया। नीति आयोग की बैठक की यह प्रेस विज्ञप्ति संस्कृत भाषा में है। संस्कृत का दिन-प्रतिदिन के जीवन में उपयोग भले न हो लेकिन, इस भाषा की पुरातन मान्यता है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रयागराज कुंभ से लेकर दीपावली और होली समेत कई प्रमुख पर्वों को भव्यता दी है। सरकार ऐसे आयोजनों का संस्कृत भाषा में प्रभावी ढंग से प्रचार करेगी। प्रदेश में संस्कृत के कक्षा आठ से कक्षा 12वीं तक 1150 संस्कृत विद्यालय हैं। इन विद्यालयों में करीब 90 हजार बच्चे पढ़ते हैं।

# ममता झुकीं, सातवें दिन डॉक्टरों की हड़ताल खत्म

**जागरण संवाददाता, कोलकाता**

- पश्चिम बंगाल के हर सरकारी अस्पताल में तैनात होगा सुरक्षा अधिकारी
- जूनियर डॉक्टरों की साथियों से काम पर लौटने की अपील, नहीं दर्ज होगा केस
- आज से सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं सामान्य होने के आसार

पश्चिम बंगाल के सरकारी अस्पतालों में चल रही जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल आखिरकार सातवें दिन खत्म हो गई। सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व डॉक्टरों के प्रतिनिधिदल के बीच डेढ़ घंटे बैठक चली। ममता ने डॉक्टरों की सारी मांगें मानते हुए ड्यूटी के दौरान उनकी पूरी सुरक्षा का भरोसा दिया। उन्होंने प्रत्येक सरकारी अस्पताल में एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की भी घोषणा की।

बैठक के बाद जूनियर डाक्टरों ने हड़ताल वापस लेने की घोषणा कर दी और आंदोलन कर रहे अपने साथियों से जल्द से जल्द काम पर लौटने की अपील की। अब मंगलवार से सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं सामान्य होने के आसार हैं। बैठक के बाद मुख्यमंत्री इंस्टीच्यूट ऑफ न्यूरो साइंसेज में भर्ती हमले में जख्मी डॉक्टर परिबाह मुखर्जी से भी मिलीं और उनका हालचाल पूछा। इस बीच सोमवार को भी दिनभर स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह ठप रहीं, जिससे मरीज व उनके परिजनों की परेशानी जारी रही। उत्तर बंगाल व मालदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सा के अभाव में दो बच्चों की मौत हो गई। इसके साथ ही बिना इलाज मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। (पेज-4)

### अन्य महत्वपूर्ण निर्णय

- मरीज संग दो लोगों को वार्ड में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी।
- बाहरी लोगों के सरकारी अस्पतालों में प्रवेश रोकने को कदम उठाया जाएगा।
- अस्पतालों में हमले रोकने के लिए 'जीरो टोलेरेंस पॉलिसी' अपनाई जाएगी।

> ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति दोबारा न हो, यह देखना सरकार का काम है। जब किसी का कोई अपना मरता है तो आवेश में आकर उनके परिजन ऐसी वारदात को अंजाम दे देते हैं, लेकिन कानून हाथ में लेने का हक किसी को नहीं है। हालांकि सभी को दोष देना सही नहीं है।
> –ममता बनर्जी

**न्यूज गैलरी**

**नेशनल न्यूज** ▶ पृष्ठ 6

### बिहार में लू से 64 और की मौत, अब तक 242 मरे

**गया** : बिहार में लू से होने वाली मौतों का सिलसिला नहीं थम रहा है। सोमवार को भी सूबे में 64 की मौत हो गई। गया में आठ, नवादा में 10, सासाराम में 17, औरंगाबाद में पांच, समस्तीपुर में तीन, मुंगेर में पांच और नालंदा, हाजीपुर, छपरा, बेगूसराय, बक्सर व अरवल में 16 की जान गई। शनिवार से बिहार में 242 की मौत हो चुकी है। पूरे क्षेत्र में अफरातफरी मची हुई है। मौत के जो आधिकारिक रिकॉर्ड हैं, उससे कहीं ज्यादा खतरनाक स्थिति है।

**अंतरराष्ट्रीय** ▶ पृष्ठ 11

### भारत को नाटो मित्र जैसा दर्जा देने का प्रस्ताव सीनेट में पेश

**वाशिंगटन** : रूसी हथियारों की खरीद को लेकर भारत और अमेरिका के बीच भले ही चिक-चिक चल रही हो लेकिन दोनों देशों के संबंधों को नए मुकाम पर पहुंचाने की मुहिम में कहीं से फर्क नहीं पड़ रहा है। अब सत्तारूढ़ रिपब्लिकन पार्टी और विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद सीनेट (संसद) में भारत को नाटो सहयोगियों की बराबरी का दर्जा दिए जाने का प्रस्ताव लाए हैं।






# अमेरिका में भारतवंशी परिवार के चार सदस्यों की गोली मारकर हत्या

- आयोवा प्रांत में आइटी पेशेवर, उनकी पत्नी और दो नाबालिग बेटे घर में मृत मिले

**वाशिंगटन, प्रेट्र** : अमेरिका के आयोवा प्रांत में 44 वर्षीय भारतवंशी आइटी पेशेवर व उनके परिवार के तीन सदस्यों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। टेक्नोलाजी सर्विस ब्यूरो में कार्यरत चंद्रशेखर सुनकारा, उनकी पत्नी लावण्या (41) और 15 और 10 साल के दो नाबालिग बेटे शनिवार को घर में मृत पाए गए।

आयोवा सार्वजनिक सुरक्षा विभाग (डीपीएस) के अधिकारियों के मुताबिक, वेस्ट डेस मोइनेस पुलिस शनिवार सुबह 10 बजे 65वें स्ट्रीट के 900 ब्लाक में पहुंची। पुलिस को घर में दाखिल होने पर चार शव मिले। हालांकि पोस्टमार्टम नहीं होने से मौत के कारण की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है, लेकिन पुलिस का कहना है कि सभी के शरीर पर गोलियों के घाव पाए गए हैं। आयोवा सार्वजनिक सुरक्षा विभाग ने बयान में कहा है, 'हम दिल से सुनकारा परिवार और उनके मित्रों के लिए शोक संवेदना व्यक्त करते हैं।'

वेस्ट डेस मोइनेस पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि दो बच्चों के साथ चार सदस्यों वाला परिवार घर में गेस्ट की तरह रह रहा था। संभवतः चारों की गोली मारकर हत्या की गई है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के असली कारण का पता चल पाएगा। सार्जेंट डान वाडे ने कहा है, 'इस त्रासदी से परिवार, मित्र, सहकर्मी और परिवार को जानने वाले हर कोई प्रभावित होंगे। हम जांच में जुटे हैं। सुबूत जहां तक उपलब्ध हो सकेंगे वहां तक हम सवालों का उत्तर तलाशने का प्रयास करेंगे। हमें इस बात का पूरा भरोसा है कि समुदाय को डरने का कोई कारण नहीं है।'

एनबीसी न्यूज ने कहा है कि शव देखने के बाद एक रिश्तेदार मदद के लिए बाहर भागा और एक राहगीर को पाया। राहगीर ने 911 पर कॉल किया। अभी तक किसी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया गया है। आयोवा अपराध अनुसंधान को इसकी जांच सौंपी गई है।

**मौसम की चाल**

स्काईमेट का पूर्वानुमान जारी, खरीफ फसलों की बोआई के लिए अच्छा समय, दक्षिण पश्चिम मानसून जुलाई के पहले पखवाड़े में जमकर बरसेगा

# जून के आखिरी सप्ताह में झमाझम होगी बारिश

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**


मानसून की धीमी चाल के बावजूद जून के आखिरी सप्ताह में अच्छी बारिश का अनुमान है, जो खरीफ फसलों की बोआई के लिए उचित समय होगा। मौसम एजेंसी स्काईमेट के पूर्वानुमान के मुताबिक जुलाई के पहले पखवाड़े में मानसून की झमाझम बारिश हो सकती है। भारत में बरसने वाला दक्षिण-पश्चिम मानसून प्रारंभिक चरण में बहुत धीमा रहा है, जिसके चलते अब तक होने वाली बारिश में 43 फीसद की कमी दर्ज की गई। मानसूनी बादलों की चाल भी संतोषजनक नहीं रही है।

स्काईमेट के आंकड़ों के मुताबिक जून के पहले पखवाड़े में मध्य भारत, जहां की खेती वर्षा पर ही आधारित होती है, में 58 फीसद तक कम बारिश हुई। पूर्वी व पूर्वोत्तर भारत में 45 फीसद तक कम बारिश दर्ज की गई। जबकि दक्षिण-पश्चिम भारत में 21 फीसद कम बरसात हुई है।

**पूर्वी-मध्य भारत में अच्छी बारिश होगी** : स्काईमेट के एमडी जतिन सिंह के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में मानसूनी हवाओं की जो स्थितियां बनी हैं उससे पूर्वी और मध्य भारत क्षेत्र में अच्छी बारिश की संभावना है। किसानों के लिए खरीफ सीजन की फसलों की बोआई के लिए जून के आखिरी सप्ताह से उचित समय है। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड के किसानों को अगले सप्ताह से शुरू होने वाली मानसूनी बारिश से फसलों की बोआई का लाभ मिल सकता है। यहां के किसानों के लिए यह बरसात किसी वरदान से कम नहीं होगी।

**सोयाबीन की सिंचाई नहीं करने की सलाह** : महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहां सिर्फ दो दिनों की बारिश के बाद भी तापमान 40 डिग्री सेल्यिस के आसपास रहने का अनुमान है। इस तरह के मौसम में जहां सोयाबीन की बोआई हो चुकी है, उन्हें सिंचाई नहीं करनी चाहिए। बिहार और झारखंड में धान की रोपाई का समय है, जहां बारिश जमकर होगी। इससे धान की फसल को लाभ होगा। पंजाब और हरियाणा में 21 से 30 जून के बीच रुक-रुक कर अच्छी बारिश हो सकती है, जिसका लाभ यहां के किसानों को धान की रोपाई में मिल सकता है।

**मुंबई में 25 जून को भारी बारिश का अनुमान**: मुंबई में भी 25 जून को भारी बारिश हो सकती है। यह इस मानसून सीजन की सबसे बड़ी बरसात हो सकती है। अगर मुंबई प्रशासन पहले से सतर्क हो जाता है तो मुंबई के लोगों लिए आगामी सप्ताह शानदार रहेगा। अन्यथा परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। (पेज-7 भी देखें)



### 91 जलाशयों का जलस्तर घटा

स्काईमेट के मुताबिक देश के अलग-अलग क्षेत्रों में कम बारिश का सबसे बुरा असर जलाशयों पर पड़ा है। देश के प्रमुख 91 जलाशयों का जल स्तर बहुत नीचे चला गया है। इसका असर यहां के जनजीवन पर पड़ा है। विशेषतौर पर केंद्रीय क्षेत्र उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कुल 12 बड़े जलाशय हैं, जिनका जलस्तर नीचे खिसक गया है। पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों के जलाशयों में भी जलस्तर पिछले 10 साल के औसत जल स्तर से नीचे हो गया है।